आयोजन | पुलिस लाईन मैदान मंडला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वाधीनता दिवस

# कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने किया मुख्य समारोह में ध्वजारोहण





**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व जिला मुख्यालय पुलिस लाईन मैदान मंडला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण, हर्षफायर, मार्चपास्ट एवं परेड की सलामी ली। मंत्री श्रीमती उइके ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानी, परिजनों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह,सहायक कलेक्टर आकिप खान (आईएएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी,स्कूली छात्र और छात्राएँ मौजूद थे।

मुख्य समारोह में शामिल सभी प्लाटून ने हर्ष फायर के पश्चात् अपने सधे कदमों से शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। मंच के सामने से गुजरते हुए इन प्लाटून दस्तों ने राष्ट्रभक्ति, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। मंत्री श्रीमती उइके ने इसके बाद सभी दलों के कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में नगर के अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों ने संगीतमय देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद महर्षि विद्या मंदिर, निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉन्टफोर्ट हायरसेकेंडरी स्कूल, ज्ञानदीन इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा जगन्नाथ उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह से लाईव लिंक के माध्यम से प्रसारण किया गया जिसे उपस्थितजनों ने देखा एवं सुना। इसके पश्चात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई मंत्री श्रीमती उइके ने विगत जिले की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों से जुड़ा उद्बोधन दिया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐतिहासिक महत्व को संजोए हुए हमारे जिले में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, चौगान की मढिया, विष्णु मंदिर, काला पहाड़, राय भगत की कोठी, मोतीमहल, रानीमहल, डोंगरमंडला की बावड़ी जैसे अनेक पुरातत्व महत्व के पर्यटक स्थल हैं। इसके साथ ही पुण्यसलीला मां नर्मदा के तट पर माहिष्मती घाट, सहस्त्रधारा, नर्मदा बंजर संगम, कुम्भेश्वर घाट, करोड़ी तीर्थ तथा देवगांव जैसे पवित्र स्थल के रूप में पहचाने जाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। जिसमें ज्ञानदीन इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा जगन्नाथ उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को शानदार प्रस्तुति के लिए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, मॉन्टफोर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को द्वितीय स्थान व महर्षि विद्या मंदिर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुत परेड के लिए 4 विभिन्न कैटेगरी में प्लाटून दस्तों को पुरूस्कृत किया गया।

मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, उच्चतम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं और जिले की तरफ से खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### मोंट फोर्ट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

मंडला। मोंट फोर्ट विद्यालय मंडला में 79 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के वरिष्ठ शिक्षक रोहित नायकवार और विशिष्ट अतिथि भागवती उइके थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया इसके बाद संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने मुख्य अतिथि का स्वागत शाल और मोमेंटो देकर किया। इसके बाद कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा छठवीं के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारे देश के शहीदों ने अपने जान की बाजी लगाकर हमारे देश को आजाद किया। उन्होंने स्कूल के वरिष्ठ सहयोगी भागवती उइके के बारे में बताया और उनके समर्पण और त्याग के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी को देश का महत्व बताया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कक्षा बारहवीं और दसवीं के टॉपर छात्र छात्राओं को मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। तथा इसके बाद छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी, तथा गरिमा ज्योतिषी ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में एक और देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन, उप प्राचार्य ब्रदर मैथ्यूज, ब्रदर नीलेश,कॉर्डिनेटर इवेंजलीन कुशराम, राहत कुरैशी, अंकिता कुशवाहा, संदीप कौर सभी शिक्षकों और स्कूल प्रशासन का सहयोग रहा।






## 40 साल की सेवा का अनमोल सम्मान

निर्मला स्कूल ने ऑटो रिक्शा चालक को बनाया मुख्य अतिथि

न पद, न पैसा, सेवा ही सबसे बड़ी पहचान, बच्चों की मुस्कान के रक्षक ने फहराया तिरंगा

**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** जहाँ देशभर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया जा रहा था, वहीं मंडला के निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल ने एक अनूठी मिसाल पेश की। स्कूल प्रबंधन ने इस वर्ष के ध्वजारोहण समारोह में पिछले 40 वर्षों से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने वाले ऑटो रिक्शा चालक कोदू दास बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया। 40 सालों से बच्चों की मुस्कान और सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे कोदू दास ने कभी साइकिल रिक्शे से तो अब ऑटो रिक्शे से यह सेवा जारी रखी है। उनकी ईमानदारी, समय की पाबंदी और समर्पण ने स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और छात्रों के दिलों में एक खास जगह बनाई है।

### सम्मान का यादगार पल

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल स्टाफ ने तिलक-वंदन कर कोदू दास बघेल का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, तिरंगे को सलामी दी और सभी के साथ राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्कूल प्रबंधन ने कोदूदास को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। भावुक होकर उन्होंने कहा, बच्चों के साथ यह सफर मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी कमाई है। स्कूल प्रबंधक ने कोदूदास के जीवन को सेवा और समर्पण का उदाहरण बताते हुए कहा कि उनका मुस्कुराता चेहरा और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी हम सभी के लिए प्रेरणा है। स्कूल की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सच्चे नायक हमारे आसपास ही होते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के सेवा करते हैं। इस अवसर पर मेनेजर सिस्टर ज्योत्सना फिलिप, प्राचार्य सिस्टर क्लारा कुजूर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ उपस्थित था।




## हाथी-घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंजा शहर

धूमधाम के साथ यादव समाज ने मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

घर मंदिर में हुई पूजा, कार्यक्रम में कलेक्टर हुए शामिल



**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** भगवान विष्णु के आठवें अवतार और महान कर्मयोगी भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ शनिवार को मनाया गया। दिनभर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भजन कीर्तन किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारंपरिक रीति रिवाज एवं पूरे भक्ति भाव के साथ श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण राधा रानी की पूजा की। पर्व को लेकर मंडला जिले के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। व्रत धारियों ने घरों में पट लगाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बच्चों समेत व्रत धारियों में उत्साह देखा गया। शाम ढलते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। घरों में लोगों ने नन्हे मुन्ने बच्चों को श्री राधा कृष्ण के बांसुरी, मुकुट, मोरपंख, आभूषण पहनाकर आकर्षक रूप से सजाया गया और कान्हाजी का सुंदर व मनमोहक रूप को अभिनीत किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार से सबंधित भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। पूजनोत्सव का दौर सुबह से लेकर रात भर चलता रहा। मंदिर व रपटा घाट में रौनक देखी गई। लड्डू गोपाल को दिनभर झूले में झुलाया गया। पर्व को लेकर शहर के मंदिरों में विशेष रूप तैयारी रही। हरे कृष्णा हरे कृष्णा बाल गोपाल के जयकारों व शंख की ध्वनि से पूरा नगर गूंजमान रहा।

### कलेक्टर ने रैली को दिखाई हरी झंडी

यादव महासभा मंडला द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई गई। डीजे के साथ निकाली गई रैली नगर के इलाही चौक, कोष्टा, बस स्टेंड, पॉलीटेक्निक कॉलेज, राजीव कोलानी, नेहरू स्मारक, महाराजपुर प्रमुख मार्गो होकर गुजरी है। जगह जगह रैली का स्वागत किया गया है। जय श्री राम के नारे के साथ जय कन्हैया लाल के नारे गूंजते रहे है। वाहन रैली में युवाओ के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली में मंडला नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो के युवा शामिल हुए। रैली का समापन यादव भवन में किया गया है। रैली शामिल युवाओ को प्रसाद का वितरण किया गया है।



## बार-बार लाइन ट्रिपिंग से जले उपकरण, रहवासी हो रहे परेशान

बिजली विभाग की लापरवाही पर उपभोक्ता आक्रोशित

**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती और लाइन ट्रिपिंग ने आम जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। उमस और गर्मी से बेहाल लोग जहां बिना पंखे-कूलर के परेशान हैं, वहीं बार-बार ट्रिपिंग से फ्रिज, टीवी, कंप्यूटर और अन्य महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि केवल पिछले पंद्रह दिनों में करीब सौ से अधिक उपभोक्ताओं के उपकरण क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे लाखों का नुकसान हो चुका है। कंपनी अधिकारी बारिश और ओवरलोड को वजह बता रहे हैं, लेकिन उपभोक्ता इसे महज बहाना मान रहे हैं। असलियत यह है कि जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर और मानकविहीन केबल ही ट्रिपिंग के असली कारण हैं। सुबह-शाम घोषित कटौती न होने के बावजूद घंटों बिजली गुल रहती है। कई बार तो आधी रात को सप्लाई ठप हो जाती है। लाइन चालू करते ही वोल्टेज अचानक हाई-लो होने से उपकरणों पर दबाव बढ़ता है और वे जल जाते हैं।

लोगों का कहना है कि रखरखाव और मेंटेनेंस में बिजली कंपनी ने घोर लापरवाही बरती है। पोलों पर लगे कंडेसरों को बदला नहीं गया, ट्रांसफार्मरों पर फ्यूज की जगह तार तक नहीं डाले गए। फीडर सेपरेशन में लगाई गई घटिया क्वालिटी की केबल आए दिन टूट रही है। पुराने और क्षतिग्रस्त तार वर्षों से जस के तस लटक रहे हैं। यही वजह है कि हल्की बारिश या हवा में भी घंटों सप्लाई बाधित हो जाती है। शहर के कचनारी, बिंझिया, हनुमान वार्ड, महाराजपुर रोड, बीटीआई क्षेत्र और कोष्टा मोहल्ले में सबसे ज्यादा उपकरण खराब होने की शिकायतें सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाकर कंपनी उनकी जेब ढीली कर रही है, जबकि पुराने मीटरों में कोई दिक्कत नहीं थी। विभागीय अफसरों के ढुलमुल रवैये ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह चरमराकर रख दिया है। सवाल यह है कि लाखों का नुकसान झेल रहे उपभोक्ताओं की भरपाई कौन करेगा और आखिर कब तक लोग ट्रिपिंग और भ्रष्टाचार की मार सहते रहेंगे।

### इनका कहना है

लगातार बारिश के चलते पेड़ों में अधिक ग्रोथ बढ़ जाता है जिससे तारों के आसपास टहनियां लटकते लगते हैं इससे बार-बार ट्रिपिंग बढ़ जाती है बारिश पूर्णता रुकते ही मेंटेनेंस के बाद यह समस्या स्वत ही समाप्त हो जाएगी

**इमरान खान,** कनिष्ठ यंत्री, विद्युत मंडल मंडला

## स्वतंत्रता दिवस में लर्निंग लैब का उद्घाटन

मवई के मालेगांव में मंजरी फाउंडेशन ने उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल विकासखंड मवई के ग्राम मालेगांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस इस वर्ष खास उत्साह के साथ मनाया गया। मंजरी फाउंडेशन के तहत गांव में तैयार किए गए लर्निंग लैब के उद्घाटन के साथ यह राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, समूह सखियाँ और स्टाफ सदस्य शामिल हुए। बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का ध्वजारोहण समूह की सबसे बुजुर्ग महिला द्वारा किया गया, जिसके बाद सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर एक सामूहिक नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन एचआर पल्लवी मस्करे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पल्लवी मस्करे, विजय झारिया, रामकुमार भार्गव, जगदीश उलाडी, भारती धुर्वे, फाउंडेशन का स्टाफ सदस्य समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## डॉ. अशोक मर्सकोले बने मंडला जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** निवास के पूर्व विधायक और अनुभवी नेता डॉ. अशोक मर्सकोले को मंडला जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर वर्तमान जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी सहित सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहा कि केंद्रीय, प्रदेश और जिला नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का आभार व्यक्त किया। बताया गया कि डॉ. अशोक मर्सकोले अपनी संगठनात्मक क्षमता, जनसंपर्क और जुझारूपन के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान में वे प्रदेश कांग्रेस में सचिव का दायित्व निभा रहे हैं। इसके साथ ही आदिवासी पंचायत महासभा के संयोजक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे हैं।



## पालने में झुलाया झूला, खिलाया माखन, मनाया जन्मोत्सव

**मंडला 16 अगस्त नभाप्र.** शहर में कृष्ण जन्माष्टमी घर-घर में धूमधाम के साथ मनाई गई। भक्तों ने बाल गोपाल को पालने में झुलाया। मुख्यायल समेत ग्रामीण क्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिरों को सुंदर सजाकर सुबह से ही धार्मिक आयोजनों की शुरूआत की। जहां दिनभर विभिन्न अनुष्ठान चलते रहे। इस वर्ष जन्माष्टमी भक्तों के लिए खास रही। भक्तों में खासा उत्साह रहा। घर-घर में राधा-कृष्ण की झांकी बनाई गई। छोटे बच्चों को कृष्ण और राधा के रूप में तैयार किया गया और जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। कान्हा के जन्मोत्सव पर हर किसी श्रद्धालु ने इसी भाव के साथ खुशी मनाई। कान्हा के जन्म पर मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना हुई। घर और मंदिरों में बंदनवार सजाए गए। सभी जगह नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के स्वर गुंजते रहे। जन्मष्टमी के अवसर पर नगर में विविध आयोजन किये गए। जीवंत झाकिंयों के साथ घर-घर में राधा कृष्ण बनाए गए। बच्चों को राधा कृष्ण की भेषवूशा में सजाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन होते रहे। राजीव कालोनी झंडा चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित की। यहां मंदिर को सजाया गया।



## वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद, नारायणगंज पटेहरा में मनाई गई जयंती



**नारायणगंज 16 अगस्त नभाप्र.** नारायणगंज क्षेत्र के लोधी समाज का गढ़ कहे जाने वाले ग्राम पटेहरा में 1857 की प्रथम वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। इस कार्यक्रम में ओमकार सिंगरोरे, दुर्गेश सिंगरौरे, राजाराम सिंगरोरे, उमेश सिंगरोरे, राजेश सिंगरोरे, अवधेश सिंगरोरे और काशीराम सिंगरोरे सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए दुर्गेश सिंगरोरे लोधी ने कहा कि पटेहरा गांव के बुजुर्गों, पंचों और बुद्धिजीवियों द्वारा किन्नरों के लिए बनाए गए सामाजिक नियम बहुत प्रभावशाली साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें और हमारे समाज को नारायणगंज के बुद्धिजीवियों से यह सीखने की जरूरत है कि गांव के विकास के लिए कैसे नियम बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज चुनाव के समय एकजुटता दिखाता है, लेकिन अब हमें अपने गांवों को सीधे हाईवे से जोड़ने के लिए रिंग रोड बनाने के लिए भी एकजुट होना होगा।

हादसा | कवरेज करने गए पत्रकारों को रोका, जनप्रतिनिधियों के पहुंचने पर खुला ताला, 16 छात्र जिला अस्पताल रेफर

# एकलव्य विद्यालय में डेढ़ दर्जन बच्चे हुए बीमार, मामला गरमाया

**निवास 16 अगस्त नभाप्र.** मुख्यालय के समीप ग्राम पिपरिया में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के दिन एक बड़ा हादसा सामने आया है। विद्यालय में लगभग डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राएं बीमार हो गए, जिनमें से एक छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। पत्रकारों ने जब इस मामले को कवर करने का प्रयास किया, तो हॉस्टल अधीक्षक ने गेट पर ताला लगा दिया और उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। पत्रकारों को अंदर जाने से रोके जाने के बाद, वे गेट के सामने धरने पर बैठ गए और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता मौके पर पहुंचे। इनमें भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे, विधायक चैन सिंह वरकड़े सहित अन्य नेता शामिल थे। उनके पहुंचने पर भी गेट का ताला नहीं खोला गया। इसके बाद एसडीएम सीएल वर्मा, तहसीलदार आलोक सोनी, बीईओ सुनील दुबे और पुलिस बल सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा, तब जाकर गेट खोला गया।



### एक छात्रा की हालत नाजुक, जबलपुर रेफर

स्वतंत्रता दिवस पर एक छात्रा की हालत बिगड़ने पर उसे निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया था। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई थी। इस घटना के बाद से स्कूल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है। बताया गया कि नौ लड़के और सात लड़कियां है। जिसमें कक्षा दसवीं की शिल्पा मरावी की हालत नाजुक बनी हुई हैं। शेष बच्चों में रोहित तेकाम 10 वीं, अजय मरावी 6 वीं, ओमकुमार परते 9 वीं, सुमित कुमार मरावी 10वीं, संदीप मरावी 6वीं, खेमराज सैयाम 10वीं, नारायण मरावी 10वीं, रागनी मरावी 7वीं, शारदा वाड़ीवा 10वीं, उमा कुंजाम 6वीं, कीर्ति परस्ते 9वीं, पिंकी धुर्वे 9वीं, गोमती सरवटे 9वीं, आशा मरावी 10वीं, अभिषेक उररेती 9वीं, लकी तेकाम 9वीं का उपचार चल रहा है।

### अस्पताल भेजे गए 16 बच्चे, अधीक्षक पर आरोप

अंदर जाने पर अधिकारियों ने पाया कि लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे बीमार थे। हॉस्टल अधीक्षक ने पहले ही कुछ बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें घर ले जाने को कह दिया था। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य मोनिका रोहिला अनुपस्थित थीं और उनके पति सतीश रोहिला मौके पर मौजूद थे, जिस पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। मामले को दबाने का प्रयास किए जाने के आरोप भी लगे हैं। शनिवार को विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन हरकत में आया और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद, लगभग 16 छात्र-छात्राओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने इसे वायरल फीवर का मामला बताया है।

### इनका कहना है

परिसर से मेरी बिटिया ने कोल किया था कि आप हमें लेने आ जाइए तबियत खराब हैं मेरी आकर देखा तो बिटिया को बुखार हैं घर ले जा रहा हू अन्य बच्चे भी बीमार हैं।

**राजेंद्र उरेती,** अभिभावक

मामला गंभीर हैं छात्र छात्राओं की तबियत का बिगड़ना ओर उच्च अधिकारियों को जानकारी नहीं दिया जाना कही न कही स्कूल प्रबंधक की लापवाही को उजागर करती हैं में खुद मौके पर पहुंच कर छात्र छात्राओं से चर्चा की है बेहतर इलाज के लिए प्रशाशन से बात की हैं।

**चैन सिंह वरकड़े,** विधायक निवास

शुक्रवार को लगभग डेढ़ दर्जन छात्र छात्राएं बीमार हुए थे अस्पताल पर लाया गया था एक छात्रा की गंभीर हालत थी जबलपुर मेडिकल भेजा गया हैं वही शनिवार को पुन: बच्चे बीमार जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम और मेरी टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 16 छात्र , छात्राओं को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा हैं सभी को वायरल फीवर की आशंका हैं।

**डॉक्टर विजय पेगवार,** बीएमओ निवास